दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय,
गोरखपुर–273009

पत्रांकः 795/कमेटी/2023 दिनांकः 07.02.2023

## सूचना

एतद्द्वारा समस्त सम्बन्धित को सूचित किया जाता है कि पत्रांक संख्या : 790/कमेटी/2023 दिनांक 04.02.2023 के क्रम में एवं मा0 कुलपति जी के आदेश के अनुपालन में नई शिक्षा नीति–2020 के अन्तर्गत शैक्षणिक सत्र 2022–23 में विश्वविद्यालय एवं सम्बद्ध समस्त राजकीय, अनुदानित एवं स्ववित्तपोषित महाविद्यालयों में स्नातक द्वितीय, चतुर्थ, षष्ठम् एवं अष्ठम सेमेस्टर में **पंजीकरण, परीक्षा एवं अन्य शुल्क जमा करने की तिथि दिनांक 09.02.2023 तक** विलम्ब शुल्क रहित निर्धारित की गई है। इसके पश्चात दिनांक 10.02.2023 से 11.02.2023 तक रू 500 (रू पांच सौ मात्र) प्रति विद्यार्थी विलम्ब शुल्क के साथ पंजीकरण, परीक्षा एवं अन्य शुल्क जमा किया जा सकेगा।

मा0 कुलपति जी के आदेश के क्रम में पुनः अवगत कराना है कि शैक्षणिक सत्र 2022–23 में विश्वविद्यालय एवं सम्बद्ध समस्त राजकीय, अनुदानित एवं स्ववित्तपोषित महाविद्यालयों में स्नातक द्वितीय, चतुर्थ, षष्ठम् एवं अष्ठम सेमेस्टर में **पंजीकरण, परीक्षा एवं अन्य शुल्क जमा करने की तिथि दिनांक 09.02.2023 तक** विलम्ब शुल्क रहित एवं इसके पश्चात दिनांक 10.02.2023 से 11.02.2023 तक रू 500 (रू पांच सौ मात्र) प्रति विद्यार्थी विलम्ब शुल्क के साथ पंजीकरण, परीक्षा एवं अन्य शुल्क जमा करने की तिथि दिनांक 11.02.2023 तक प्रत्येक दशा में पूर्ण कराना सुनिश्चित करें एवं जो विद्यार्थी जिस माइनर इलेक्टिव कोर्स में रजिस्ट्रेशन कराये है उसी कोर्स में परीक्षा की अनुमति प्रदान की जायेगी उसके अतिरिक्त किसी अन्य कोर्स में परीक्षा देने की अनुमति प्रदान नही की जायेगी। इसके पश्चात कोई भी तिथि विस्तारित किये जाने पर विचार नहीं किया जायेगा। जिन छात्र/छात्राओं द्वारा उक्त अवधि में पंजीकरण नहीं कराया जाता है, तो ऐसे छात्र/छात्रा किसी भी दशा में परीक्षा में सम्मिलित नहीं हो पायेंगे।

भवदीय

कुलसचिव

पृष्ठांकन संख्या व दिनांकः उपरोक्त।
प्रतिलिपि :– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:–

1. समस्त संकायाध्यक्ष/विभागाध्यक्ष।
2. प्राचार्य/प्राचार्या, समस्त सम्बद्ध राजकीय, अनुदानित एवं स्ववित्तपोषित महाविद्यालय।
3. प्रो0 विनय कुमार सिंह, प्रभारी ई0डी0पी0 सेल को इस आशय से प्रेषित कि उक्त सूचना को समस्त सम्बद्ध राजकीय, अनुदानित एवं स्ववित्तपोषित महाविद्यालयों के लॉगिन में लगवाने का कष्ट करें।
4. समन्वयक आई0टी0सी0 सेल को इस आशय से प्रेषित कि तदनुसार कार्यवाही करने का कष्ट करें
5. परीक्षा नियंत्रक/वित्त अधिकारी।
6. डॉ0 महेन्द्र कुमार सिंह, मीडिया प्रभारी को इस आशय से प्रेषित कि उक्त सूचना को छात्रहित में निःशुल्क प्रकाशित करने का कष्ट करें।
7. प्रभारी सचिव कुलपति, मा0 कुलपति जी के सूचनार्थ।
8. वै0स0 कुलसचिव।

सहायक कुलसचिव